**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**सं0-171 /07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024-25/03-परीक्षा/2024**

लखनऊ : दिनांक : 17 अक्टूबर, 2025

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-03-परीक्षा/2024, सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा० अ० प०-2023)/03 के अंतर्गत आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन सहायक लेखाकार के 668 पद (सामान्य चयन), सहायक लेखाकार के 950 पद (विशेष चयन) व लेखा परीक्षक के 209 पद (सामान्य चयन) तथा उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नियंत्रणाधीन सहायक लेखाकार का 01 पद, कुल 1828 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन/शुल्क जमा/आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 11.03.2024 थी। प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत लिखित परीक्षा दिनांक 16.02.2025 को आयोजित की गयी थी।

उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत रिक्त 1828 पदों के सापेक्ष लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये कुल 3475 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कटऑफ मा0 आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है।

**अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों का उक्त परिणाम अंतिम चयन परिणाम नहीं है। अतएव अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु घोषित इस परिणाम में सम्मिलित होने के आधार पर अंतिम चयन हेतु किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा। चयन सम्बन्धी अंतिम परिणाम अर्हता / अभिलेख परीक्षण के उपरांत यथासमय घोषित किया जायेगा।**

प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह उक्त 3475 अभ्यर्थियों के अर्हता / अभिलेख परीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत सूचना पृथक से प्रकाशित की जाएगी।

तदनुक्रम में सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-03-परीक्षा/2024, सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक मुख्य परीक्षा(प्रा०अ०प०-2023)/03 की लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये 3475 अभ्यर्थियों का परिणाम तथा गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-1118/गोपन/01/08/2024/2025, दिनांक 17.10.2025 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से संबन्धित कट ऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Home Page पर उपलब्ध Results Segments पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम ऑनलाइन देख सकते हैं।

संलग्नक- यथोपरि।

17/10/2025

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

Akit 17/10/25

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ।**
संख्याः– 1118 /गोपन/01/08/2024/2025
लखनऊः दिनांक 17 अक्टूबर, 2025

विज्ञापन संख्या–03–परीक्षा/2024, सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक मुख्य परीक्षा–(प्रा0अ0प0–2023)/03के अन्तर्गत विज्ञापित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक पद पर चयन हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण के लिए अर्ह अभ्यर्थियों का श्रेणीवार कटऑफ अंक–

**लम्बवत आरक्षण**

| क्र0सं0 | श्रेणी | कटऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 33.75 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 08.00 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 11.50 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 33.75 |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 33.75 |

**क्षैतिज आरक्षण**

| क्र0सं0 | श्रेणी | कटऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | 17.75 |
| 2 | दिव्यांगजन (एल0वी0) | 10.25 |
| 3 | महिला | 10.75 |
| 4 | सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक | 23.25 |
| 5 | उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु | 08.75 |

17/10/2025

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।